प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

15.05.2026/प्रादेशिक समाचार/संजय/11:00बजे

मुख्यमंत्री

प्रदेश में 17 मई को होने वाले नगर निगम चुनावों को लेकर प्रचार अभियान चरम पर है। नगर निगम चुनाव के लिए भाजपा व कांग्रेस दोनों ही पार्टियों के नेता अपने–अपने प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार में जुटे है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कल धर्मशाला में कांग्रेस पार्टी का घोषणा पत्र जारी किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि कांगड़ा जिला को पर्यटन राजधानी घोषित किया गया है और यहां अधिक संख्या में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है।

अनुराग ठाकुर

इस बीच पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर से भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने धर्मशाला में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश की जनता कांग्रेस सरकार से निराश हो चुकी है और आने

वाले चुनावों में इसका असर साफ दिखाई देगा। अनुराग ठाकुर ने विश्वास जताया कि आगामी नगर निगम, नगर परिषद और पंचायत चुनावों में भाजपा रिकार्ड मतों से जीत दर्ज करेगी।

चुनाव

प्रदेश में नगर निगम चुनावों के लिए चुनाव प्रचार आज थम जाएगा। धर्मशाला, सोलन, मंडी और पालमपुर नगर निगमों सहित 25 नगर परिषदों व 22 नगर पंचायतों में 17 मई को मतदान होगा। मतदान सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगा। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार नगर परिषद और नगर पंचायतों के मतों की गणना मतदान वाले दिन 17 मई को ही की जाएगी। जबकि चारों नगर निगमों के मतों की गणना 31 मई को होगी। राज्य निर्वाचन आयोग ने मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से करवाने के लिए तैयारियां पूरी कर ली हैं।

<u>नामांकन</u>

पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव के लिए भरे गए नामांकन पत्रों का आज नाम वापिस लेने का अंतिम दिन है। उम्मीदवार दोपहर 3 बजे तक नाम वापस ले सकते हैं। निर्वाचन आयोग की ओर से चुनावी मैदान में शामिल उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी की जाएगी। इसके बाद आज ही उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह भी आबंटित किए जाएंगे। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार नामांकन वापिस लेने के कल पहले दिन 4 सौ 36 उम्मीदवारों ने अपने नाम वापस लिए। प्रदेश की 3 हज़ार 7 सौ 54 पंचायतों में 26, 28 और 30 मई को तीन चरणों में मतदान होगा।

विक्रमादित्य सिंह

मंडी नगर निगम चुनाव प्रभारी एवं लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा को विकास से कोई सरोकार नहीं है और उसका एकमात्र उद्देश्य सत्ता हासिल करना है। मंडी शहर के विभिन्न वार्डों में चुनाव प्रचार के दौरान जनसभाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा ने पिछले पांच वर्षों तक नगर निगम में सत्ता में रहने के बावजूद शहर के विकास के लिए कोई ठोस कार्य नहीं किया।

वहीं दूसरी ओर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाया है कि सत्ता का दुरूपयोग कर जनता

और जन प्रतिनिधियों को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए कहा जनता कांग्रेस को नगर निगम चुनाव में इसका करारा जवाब देगी।

नीट परीक्षा

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी एन टी ए ने नीट यूजी–2026 की पुनर्परीक्षा 21 जून को आयोजित करने की घोषणा की है। सोशल मीडिया पोस्ट में एजेंसी ने उम्मीदवारों और अभिभावकों से केवल एन टी ए के अधिकारिक चैनलों पर ही भरोसा करने का अनुरोध किया है। गौरतलब है कि 3 मई को आयोजित हुई परीक्षा पेपर लीक होने के कारण रदद कर दी गई थी और सीबीआई इस मामले की जांच कर रही है। आगामी नीट परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई।

सफाई कर्मी हड़ताल

शिमला शहर में चल रहे स्वच्छता सर्वेक्षण के बीच सफाई कर्मचारियों ने अपनी लम्बित मांगों और वेतन बढ़ोतरी को लेकर आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। सफाई कर्मचारियों का कहना है कि वे लम्बे समय से वेतन बढ़ोतरी व समान कानून लागू करने की मांग कर रहे हैं लेकिन सरकार की ओर से अब तक कोई फैसला नहीं लिया गया है। वहीं उपायुक्त एवं जिला दंडाधिकारी अनुपम कश्यप ने सैहब कर्मचारियों पर हड़ताल पर

जाने पर एस्मा लागू करने के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होकर आगामी आदेशों तक प्रभावी रहेंगे।